# प्यारे कृष्णा की जन्माष्टमी

जय जय यशोदा के लाल,
तेरी जय हो यशोदा के लाल,
जरा गोकुल....में चलकर के देखो,
प्यारे कृष्णा की जन्माष्टमी है ॥

है लगी भीड़ यशोदा के अंगना,
झूलते हैं कन्हैया जी पलना,
सबको है नन्द....जी का बुलावा,
प्यारे कृष्णा की जन्माष्टमी है,
जरा गोकुल में चलकर के देखो,
प्यारे कृष्णा की जन्माष्टमी है।
जय जय यशोदा के लाल,
तेरी जय हो यशोदा के लाल......

कैसी अनुपम छवि मुखड़ा प्यारा,
है कन्हैया ज़माने से न्यारा,
हाँ कमल जैसी.....मुस्कान वाले,
प्यारे कृष्णा की जन्माष्टमी है,
जरा गोकुल में चलकर के देखो,
प्यारे कृष्णा की जन्माष्टमी है......

माँ यशोदा जी झूला झुलावे,
नन्द बाबा अशर्फी लुटावे,
बन के जोगी है.....शंकर जी आए,
मेरे कृष्णा की जन्माष्टमी है,
जरा गोकुल में चलकर के देखो,
प्यारे कृष्णा की जन्माष्टमी है........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23428/title/pyare-krishna-ki-janamashtmi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |